**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित डा0मान सिंह यादव,मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तर।**

<table>
<tr><th>प्रश्न</th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td>4 (क) क्या व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद अलीगढ़ ब्लाक–इगलास, ग्राम-बढ़ाकलाँ में समस्त क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण प्राप्ति हेतु कौशल विकास केन्द्र की स्थापना/निर्माण करायेंगे?</td><td>उ०प्र० कौशल विकास मिशन द्वारा कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना अथवा उनका निर्माण नहीं किया जाता है अपितु अनुबंधित विभिन्न प्रशिक्षण प्रदाताओं को कौशल प्रशिक्षण हेतु लक्ष्य आवंटित किये जाते है और उनके द्वारा ही प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किये जाते है।<br>प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना उनकी फिजिबिलिटी के आधार पर की जाती है जिसमें किसी विशिष्ट ग्राम / स्थान पर प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना बाध्यकारी नहीं है। वर्तमान में जनपद अलीगढ़ में विकास खण्ड-इगलास, ग्राम-बढ़ाकलॉ के निकट निम्नलिखित 05 प्रशिक्षण संस्थानों/ केन्द्रों में उनके नाम के सम्मुख व्यवसायों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है :-
<table>
<tr><th>क्र0 सं0</th><th>निजी आईटीआई/कौशल विकास केन्द्र का नाम</th><th>संचालित व्यवसाय</th></tr>
<tr><td>1-</td><td>श्री राधारानी प्रा0आईटीआई</td><td>फिटर, इलेक्ट्रीशियन</td></tr>
<tr><td>2-</td><td>लक्ष्मीदेवी प्रा०आईटीआई</td><td>फिटर, इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक</td></tr>
<tr><td>3-</td><td>एस०एस०एम०बी०डी० प्रा० आईटीआई</td><td>इलेक्ट्रीशियन</td></tr>
<tr><td>4-</td><td>सी०जे०एस०प्रा०आईटीआई</td><td>फिटर, इलेक्ट्रीशियन</td></tr>
<tr><td>5-</td><td>श्री कृष्णा शिक्षा समिति कौशल विकास केन्द्र</td><td>अपैरल, कंस्ट्रक्शन</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>(ख) यदि हॉ, तो कब तक?</td><td>उपर्युक्तानुसार।</td></tr>
<tr><td>(ग) यदि नहीं, तो क्यों?</td><td>प्रश्न नही उठता है।</td></tr>
</table>

कपिल देव अग्रवाल
मा0 राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार)
व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और
उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0।